## रिश्तों में खूनी दरार

# जीजा ने साली पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नई बस्ती इलाके में शुक्रवार दोपहर घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक व्यक्ति ने अपनी साली के घर में घुसकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। महिला पर कई वार किए गए, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ी। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। गुस्साए लोगों ने आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने चली गई।





जानकारी के मुताबिक नई बस्ती निवासी इसराना पत्नी अलाउद्दीन अपने घर की रसोई में खाना तैयार कर रही थी। इसी बीच उसका जीजा वहां पहुंचा, जो बागपत जिले के बड़ौत क्षेत्र का निवासी बताया गया है। पारिवारिक संबंध होने के कारण महिला ने उसे घर के अंदर बैठा लिया। आरोप है कि बातचीत के दौरान अचानक उसने अपने पास रखा चाकू निकाला और महिला पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से महिला चीखती हुई जमीन पर गिर गई। घर से आवाजें सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और आरोपी की जमकर धुनाई कर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह आरोपी को भीड़ से बचाकर अपने कब्जे में लिया।

घटना के बाद घर के अंदर का दृश्य बेहद भयावह था। फर्श पर खून फैला पड़ा था और रसोई का सामान अस्त-व्यस्त हो गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी पूरी तैयारी के साथ आया था और उसकी मंशा महिला की हत्या करने की थी।

पुलिस ने मौके से हमले में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। घायल महिला को तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की बात कह रही है।

# डी मोनफोर अकादमी में फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** शुक्रवार को डी मोनफोर अकादमी में विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं जागरूकता को ध्यान में रखते हुए फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फायर सर्विस स्टेशन मवाना से आए विशेषज्ञों फारुख, रंजीत सिंह एवं वीरेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा डेमो के माध्यम से आग बुझाने की सही प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बच्चों को बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता एवं समझदारी से कार्य करना चाहिए। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को स्वयं भी फायर सेफ्टी उपकरणों का प्रयोग करवाकर अभ्यास कराया, जिससे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आवश्यक सुरक्षा उपायों को सीखा।



विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं। विद्यालय की निर्देशिका डॉ. गरिमा वर्मा ने फायर सर्विस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को व्यवहारिक जानकारी देना समय की आवश्यकता है। विद्यालय के निर्देशक डॉ. के.के. शर्मा ने विद्यार्थियों को सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं उपप्रधानाचार्या रितु चिकारा ने बच्चों से सीखी गई बातों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दियाकार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने फायर सर्विस टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# छात्रा से लूटे गए मोबाइल को पुलिस ने किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुलिस को मोबाइल फोन छिनैती की घटना के सफल अनावरण में बड़ी सफलता मिली है। थाना परतापुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झपटमारी की वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार, 7 मई 2026 को सुषांत सिटी निवासी श्रीमती नीलम पत्नी पवन सिंह ने थाना परतापुर में तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री सुबह करीब 7:20 बजे कोचिंग जाने के लिए अंसल तिराहा, सुशांत सिटी गेट के पास दिल्ली-हरिद्वार रोड पर खड़ी थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। मामले में थाना परतापुर पर मु.अ.सं. 249/26 धारा 304(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और यक्ष ऐप, सर्विलांस व मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की पहचान की।




पुलिस ने आरोपी बिलाल पुत्र लाइक निवासी शौकीन गार्डन, 100 फुटा रोड, थाना लोहियानगर, मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। आरो.पी के कब्जे से छीना गया रियलमी कंपनी का ग्रे रंग का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना क्षेत्र के गांव में एक मंदिर के पुजारी के साथ या तो व्यक्ति ने मारपीट कर घायल कर दिया। तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घायल पुजारी को उपचार कराया और पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया। सूत्रों का मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम ढडरा में मंदिर के पुजारी स्वामी सुरेशानंद पुत्र स्वामी तारकानंद गांव के रहने वाले हैं वही जब सुबह में मंदिर परिसर में झाड़ू लगा रहे थे तो अज्ञात व्यक्ति ने उनके साथ मारपीट कर दी और उनको घायल कर दिया और आरोपी फरार हो गई वहीं घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई जिसमें हड़कंभ मच गया तभी सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने जांच पड़ताल की और पुजारी का उपचार कराया। वहीं पुजारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।



# महिला पर धारदार हथियार से किया हमला, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुर निवासी एक महिला पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल महिला को सीएचसी ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर मेरठ रेफर कर दिया गया सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने जांच पड़ताल कर महिला के देवर की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

ग्राम राजपुर निवासी ऋषभ ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मेरी भाभी कविता पत्नी योगेश सुबह 11 बजे गांव में ही उपले (गोसे) पाथ रही थी पीछे से आए किसी अज्ञात व्यक्ति ने जान से करने की नीयत से सिर पर धारदार हथियार से जान लेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसे गंभीर अवस्था में नगर के सीएचसी पर उपचार के लिए लाया गया जहां कविता की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। ऋषभ की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुक. दमा दर्ज करते हुए थाना पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। एसएसआई विजेंद्र यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश की जा रही है जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# राष्ट्रीय एस्ट्रो ओलंपियाड में छात्रा ने बढ़ाया प्रदेश का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, टनकपुर रोड की कक्षा 11वीं की छात्रा आयरा अल्वी ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। आयरा अल्वी ने डीएएसए इंडिया (कौ। प्छक्प।) एवं नेशनल काउंसिल ऑफ रिसर्चर्स टीचर साइंटिस्ट इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल एस्ट्रो ओलंपियाड 2026 में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर आयरा अल्वी का चयन प्रतिष्ठित "7.0 इंडिया इंटरनेशनल साराभाई स्टूडेंट्स साइंटिस्ट अवॉर्ड 2026" के लिए किया गया है। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से केवल 16 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें आयरा अल्वी उत्तर प्रदेश से चयनित होने वाली एकमात्र छात्रा हैं। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जनपद एवं प्रदेश के लिए गर्व का विषय बन गई है। जानकारी के अनुसार, इस प्रतिष्ठित चयन प्रक्रिया के लिए नेशनल एस्ट्रो ओलंपियाड के टॉपर्स को ही पात्र माना गया था। आयरा ने अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच एवं अथक परिश्रम के बल पर यह स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि छोटे शहरों के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकते हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने आयरा अल्वी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। आयरा ने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं लगन से यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हमें पूर्ण विश्वास है



कि वह भविष्य में भी विद्यालय एवं देश का नाम रोशन करेंगी।"विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा छाबड़ा ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि "आयरा अल्वी की सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उनकी रुचि और मेहनत सराहनीय है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# घर में घुसकर तेंदुए ने बकरी को बनाया निवाला, दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** टाइगर रिजर्व से सटे ग्रामीण इलाकों में जंगली जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बीसलपुर के बिलसंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जगतपुर का है, जहां बीती रात एक तेंदुए ने गांव में घुसकर भारी उत्पाद मचाया। तेंदुए ने एक घर के बाड़े से बकरी को उठा लिया, जिससे पूरे इलाके में सन्नाटा और डर का माहौल व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, जगतपुर निवासी अमरजीत सिंह की बकरी को तेंदुआ रात के अंधेरे में उनके घर से उठा ले गया। घटना का खुलासा शुक्रवार सुबह तब हुआ जब अमरजीत बकरियों को चारा डालने बाड़े में पहुंचे। वहां अपनी एक बकरी को गायब देख उनके होश उड़ गए। बाड़े की जमीन पर खून के धब्बे और जंगली जानवर के पदचिह्न स्पष्ट दिखाई दे रहे थे, जिससे गांव में शोर मच गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर पदचिह्नों का पीछा किया, तो घर से करीब 200-250 मीटर दूर जंगल के किनारे बकरी का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। तेंदुए ने बकरी की गर्दन काटकर उसे अलग कर दिया था। बताया जा रहा है कि जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो तेंदुआ वहीं मौजूद था, जो लोगों का शोर सुनकर घने जंगल की ओर भाग निकला।तेंदुए की गांव में सक्रियता से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि शाम ढलते ही वे घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। विशेष रूप से बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीण बेहद चिंतित हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और आदमखोर होते तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की पुरजोर मांग की है।


## कार्यालय : खण्ड विकास अधिकारी, सरधना (मेरठ)

पत्रांक: 215/लेखा-टैण्डर निर्माण कार्य/2026-27 — दिनांक : 08 मई, 2026

**अल्प कालीन निविदाा सूचना**

माननीय महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विकास खण्ड सरधना में क्षेत्र पचांयत पंचम राज्य वित एवं केन्द्रीय वित्त (टाईड एवं अनटाईड) एवं विधायक निधि योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के स्वीकृत निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 18.05.2026 को अपरान्ह 02 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय सरधना पर आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन 03 बजे उपस्थित निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश कार्य दिवस में अवकाश रहता है तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | योजना का नाम | कार्य का विवरण | कार्य की माप मीटर/संख्या में | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | जमानत की 2 प्रतिशत धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01. | राज्य वित्त | ग्राम दादरी में ईश्वर के मकान से हरिजन चौपाल तक सी.सी. कार्य। | 156 मी. | 856300 | 17200 | 875 | 03 माह |
| 02. | केन्द्रीय वित्त अनटाईड | ग्राम भामौरी मे डॉ. राधे के मकान से मोहन के मकान तक सी.सी. कार्य। | 100 मी. | 535100 | 10800 | 550 | 03 माह |
| 03. | केन्द्रीय वित्त अनटाईड | ग्राम आलमगीर फरीदपुर मोमन में सोमवीर के मकान से जयप्रकाश के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स कार्य। | 44 मी. | 186600 | 3800 | 200 | 03 माह |
| 04. | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम कुलजन में राजेष के मकान से सरकारी नाली तक यू. टाइप नाली निर्माण कार्य। | 90 मी. | 599700 | 12000 | 600 | 03 माह |
| 05. | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम जुल्हेडा रोड़ में पीर बस्ती में शानु शर्मा के मकान से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 150 माी. | 980200 | 19650 | 1000 | 03 माह |
| 06. | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम आलमगीर फरीदपुर के मजरा राजपुर मोमन में अंकुश के घेर के कोने से कुंवर पाल के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 200 मी. | 884900 | 17700 | 900 | 03 माह |
| 07. | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम सरधना देहात में मानपुरी में दिनेश के मकान से राजेश पुत्र चन्दरपाल के मकान की ओर नाला निर्माण कार्य। | 85 मी. | 888000 | 17800 | 900 | 03 माह |
| 08. | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम सलावा में बडसू वाले रास्ते पर इण्टर कॉलेज के सामने वाले तालाब के पूर्वी भाग की खुदाई का कार्य। | एक | 981500 | 19700 | 1000 | 03 माह |
| 09. | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम महादेव में रविन्द्र बाल्मिकी के घर से जूनियर हाई स्कूल तक नाला निर्माण कार्य। | 70 मी. | 679800 | 13600 | 700 | 03 माह |
| 10. | केन्द्रीय वित्त टाईड | ग्राम टाण्डा में नेहरू के खेत से तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य। | 170 मी. | 994100 | 20000 | 1000 | 03 माह |
| 11. | विधायक निधि | ग्राम रार्धना में झोडी पर एवं अम्बेडकर भवन पर सेमी हाई मास्ट लाईट की स्थापना का कार्य। | 02 | 265600 | 5350 | 270 | 03 माह |

**नियम व शर्तें :-**

1-निमार्ण कार्य लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग की विशिष्टियों के अनुरूप होगा। 2-निविंदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य जमा कर बिल ऑफ क्वांटिटी के साथ दिनांक 15.05.2026 से 18.05.2026 की अपरान्ह 01 बजे तक क्रय किये जा सकते है। 3-जमानत की 2 प्रति. धनराशि एफ.डी.आर./राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में नियमानुसार निविदा पत्र के साथ अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम बन्धक कराकर मूल रूप में संलग्न की जानी आवश्यक है। 4-शेष 8 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर. प्रथम भुगतान के समय जमा कराई जायेगी अथवा प्रथम भुगतान के बिल से काट ली जायेगी जो कि कार्य सन्तोषजनक पूर्ण होने के उपरान्त लौटाई जायेगी। 5-सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। 6-कोई भी निविदा बिना कारण बताये अस्वीकृत की जा सकती है। 7-निविदादाता को वाणिज्यकर, पैन कार्ड की छायाप्राति, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन का नम्बर, चरित्र प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी तथा स्वयं का हैसियत प्रमाण-पत्र एवं पी.डब्लू.डी., ग्रा.अभि.सेवा., जिला पंचायत अथवा अन्य अधिकृत विभाग में पंजीकृत होने के प्रमाण-पत्र की छायाप्रति निविदा डालते समय संलग्न करना आवश्यक है। 8-कार्य की गुणवत्ता में यदि कोई कमी पाई जायेगी तो उसकी वसूली निविदादाता से कर ली जायेगी। 9-ठेकेदार द्वारा लगायी गयी सामग्री की गुणवत्ता की जांच पीडब्लूडी से करायी जायेगी जिसका सम्पूर्ण खर्च ठेकेदार को वहन करना होगा।

**अवर अभियन्ता (ग्रा.अ.वि.)**
**विकास खण्ड सरधना (मेरठ)**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सरधना (मेरठ)**

# जिलाधिकारी ने किया बेहद आत्मीयता से बच्चियों से संवाद

## टीकाकरण अभियान नहीं, बल्कि बेटियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य का सुरक्षा कवच:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बागपत में सिर्फ एक वैक्सीनेशन अभियान नहीं चला, बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास, जागरूकता और सुरक्षित भविष्य की एक नई कहानी लिखी गई। शुरुआत में जब कार्यक्रम शुरू हुआ तो माहौल में हल्की झिझक और संकोच साफ दिखाई दे रहा था। केवल 05 छात्राएं ही हिम्मत जुटाकर टीकाकरण के लिए आगे आईं। कई बच्चियों के मन में सवाल थे-क्या वैक्सीन से दर्द होगा?, क्या यह सुरक्षित है, क्या हमें इसकी सच में जरूरत है?

लेकिन जैसे-जैसे जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बेहद आत्मीयता से बच्चियों से संवाद किया, विशेषज्ञों ने उनके सवालों का सरल भाषा में जवाब दिया और मंच से भरोसे का संदेश दिया, वैसे-वैसे पूरा माहौल बदलने लगा। कुछ ही देर में वही छात्रएं, जो पीछे बैठकर चुपचाप सब देख रही थीं, मुस्कुराते हुए अपनी सहेलियों का हाथ पकड़कर आगे आने लगीं। देखते ही देखते संख्या 05 से बढ़कर 40 तक पहुंच गई और पूरा सभागार तालियों, मुस्कान और उत्साह से गूंज उठा। सबसे खास पल तब आया, जब वैक्सीन लगवाने के बाद कई बच्चियों ने खुद मंच पर आकर कहा कि अब वे अपने परिवार और दोस्तों को भी इसके बारे में जागरूक करेंगी। किसी ने कहा-अब डर नहीं लग रहा, तो किसी ने अपनी सहेली को आगे बढ़ाकर कहा-चलो, हम दोनों साथ लगवाते हैं। प्रशासन ने बच्चियों के साहस, जागरूकता और सहभागिता को सम्मानित किया तो कई छात्राओं के चेहरे गर्व से खिल उठे। बागपत में यह अभियान उम्मीद की उस रोशनी की तरह दिखा, जहां बेटियों ने खुद आगे बढ़कर यह संदेश दिया कि जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। पूरा माहौल इस बात का जीवंत उदाहरण बन गया कि जब बेटियों



को सही मार्गदर्शन, अपनापन और मंच मिलता है, तो वे सिर्फ खुद नहीं बदलतीं, बल्कि पूरे समाज को बदलने की ताकत बन जाती हैं। जनपद में चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी ने कहा कि यह केवल एक टीकाकरण अभियान नहीं, बल्कि बेटियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य का सुरक्षा कवच है। उन्होंने बताया कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को लगाया जाने वाला यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं और इस जनहितकारी अभियान का हिस्सा बनें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। दीपिका, श्वेता, वर्तिका सहित अनेक किशोरियों ने उत्साहपूर्वक टीकाकरण कराया तथा अन्य छात्राओं को भी इसके लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में यह अभियान एक स्वास्थ्य उत्सव के रूप में दिखाई दिया, जहां जागरूकता, विश्वास और सुरक्षा का संदेश एक साथ प्रसारित हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा यह टीकाकरण पूर्णत: नि:शुल्क कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 28 फरवरी से इस अभियान की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य किशोरियों को गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह टीकाकरण पूर्णत: सुरक्षित है तथा भविष्य में इसके सकारात्मक स्वास्थ्य लाभ देखने को मिलेंगे। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि यदि उनके परिवार, मोहल्ले या आसपास 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियां हैं, तो उनका टीकाकरण अवश्य कराएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.सुरुचि शर्मा ने बताया कि आज जनता वैदिक कन्या इंटर कॉलेज टटीरी में 40 किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण किया गया। टीकाकरण के उपरांत छात्राओं को नीरा किट एवं ओआरएस पैकेट प्रदान कर सम्मानित भी किया गया तथा उन्हें सशक्त, स्वस्थ, आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि यह टीकाकरण अभियान विद्यालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य स्वास्थ्य इकाइयों पर संचालित किया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल, एसडीएम बागपत ज्योति शर्मा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.सुरुचि शर्मा, साम.‌दायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. विभास राजपूत सहित आदि उपस्थित रहे।

## हरिद्वार के लिए निकला व्यक्ति, 18 दिन बाद भी नहीं पहुचा घर, परिवार को अनहोनी की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे के रेलवे रोड स्थित पट्टी रामपुर मोहल्ले से एक 42 वर्षीय व्यक्ति लापता हो गया है। वह 20 मार्च 2026 को हरिद्वार जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन तब से वापस नहीं लौटा। परिजनों ने खेकड़ा थाने में गुमशुदगी की तहरीर देकर पुलिस से उसकी तलाश करने की मांग की है। सुरेंद्र की मां रूप्पो ने जताई है अनहोनी की आशंका।

लापता व्यक्ति की पहचान सुरेंद्र उर्फ शिवजी (उम्र लगभग 42 वर्ष) के रूप में हुई है। उसकी मां रूप्पो पत्नी महिपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सुरेंद्र नवरात्र के दौरान हरिद्वार जाने के लिए घर से निकला था। सुरेंद्र के घर न लौटने पर परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की। उन्होंने रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है, जिससे



परिवार की चिंता बढ़ गई है। रूप्पो ने खेकड़ा थाने पहुंचकर पुलिस से अपने बेटे की गुमशुदगी की शिकायत कर जल्द से जल्द तलाश करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने आश्वासन दिया है कि सुरेंद्र को शीघ्र ही तलाश कर लिया जाएगा।

## आईएससीई बोर्ड परीक्षा के मेधवियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में श्रमिक एसोसिएशन व समाजसेवियो ने आईएससीई बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।



उनके घर जाकर हाईस्कूल मे छवी आर्य पुत्री रविंद्र आर्य 97प्रतिशत व इँटर मे जयंत तोमर पुत्र सुधीर तोमर 99प्रतिशत अँक प्राप्त करने पर तहसील परिसर से समाजसेवक एडवोकेट मोहित कुमार श्रमिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण वर्मा व कानूनी सलहाकार समाज सेवी जितेन्द्र तोमर, राजगोपाल कश्यप प्रवेश स्वामी कपिल वर्मा ने. प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान छात्र छात्राओं को प्रेरित करने के लिए समाज सेवी शिक्षक नेता ने कहा कि अपनी इस प्राप्ति पर हमें कभी घंमड नहीं करना चहिए। बल्कि इस प्राप्ति को आगे बढाने हेतु निरन्तर प्रयासरत रहना चहिए। शिक्षा ग्रहण करने लक्ष्य प्राप्ति मे धैर्य अनुशासन लगन से कार्य करने अभ्यास जरूरी है। इस मौके पर काफी संख्या में श्रमिक एसोसिएशन की कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## नशीला पदार्थ सूंघाकर नगदी और जेवरात चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में अज्ञात चोर देर रात घर में घुसे ओर सो रहे परिवार को नशीला पदार्थ सुंघाकर हजारो की नगदी और जेवरात चोरी कर ले गये। पीड़ित नें थाना चांद. नगर में तहरीर दी है।

ढिकोली निवासी शकील पुत्र नसीम का घर मेन बाजार मोहल्ले में है। नसीम नें बताया कि वह पत्नी सन्नो बेटा रशीद और अरमान बेटी सानिया के साथ घर पर सोया हुआ था। रात्रि दो बजें पत्नी सन्नो की आखं खुली तो उसने दो चोर घर से जाते हुए देखे तो उसने पति को आवाज लगाई, लेकिन वह बेहोश पड़े थे, उसने शोर मचाया तो आस पडौस के लोग इकट्टा हो गये और चोरो की तलाश की। वही घर में देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी जिसमे रखे 40 हजार रूपये दो जोड़ी सेम्पिल, पेंडिल, एक सोने की लोग चोरी हुई मिली। परिजनों नें बेहोश लोगो को उपचार के लिए डाक्टर के यहा भर्ती कराया। महिला सन्नो नें बताया कि चोर नकाबपोश थे, वही परिजनो नें थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। उधर थाना प्रभारी अतर सिंह नें बताया कि चोरी की घटना का



पता चला था मामला चोरी का नही है। पीड़ित से बात कर जांच की जायेगी।

## स्टील के यात्री शेड यात्रियों को धूप, बारिश व सर्दी से देते थे राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली/बड़ौत।** मुख्य मार्ग पर स्थित सिनौली और नांगला गांव के पास यात्रियों की सुविधा के लिए लाखों रुपये की लागत से बनाए गए स्टील के यात्री शेड वर्षों पहले आए तेज आंधी-तूफान में पूरी तरह धराशायी होकर जमीन में गिरकर नष्ट हो गए थे। हैरानी की बात यह है कि इतने समय बीत जाने के बाद भी इनका पुनर्निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में इन स्थानों पर शेड के अवशेष कम दिखाई देते हैं, बल्कि वहां केवल मलबा और बड़ी-बड़ी घास व उगी हुई झाड़ियां अधिक दिखाई देते हैं। हालात ऐसे हो चुके हैं कि यह पहचानना भी मुश्किल हो जाता है कि यहां कभी यात्रियों के बैठने और खड़े होने के लिए शेड बनाया गया था। छपरौली/बड़ौत मार्ग एक व्यस्त मार्ग माना जाता है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। विशेष रूप से सिनौली और नांगला गांव के पास बड़ी संख्या में लोग बसों का इंतजार करते हैं। पहले ये स्टील के यात्री शेड यात्रियों को धूप, बारिश और सर्दी से राहत देते थे, लेकिन इनके ध्वस्त हो जाने के बाद लोगों को खुले आसमान के नीचे खड़ा रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में यात्रियों को भीगते हुए बस का इंतजार करना पड़ता है, वहीं भीषण गर्मी में तेज धूप के कारण तपती सड़क किनारे खड़ा रहना उनकी मजबूरी बन गया है। इस स्थिति में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। राकेश, मनोज, बिनोद, रहमान, जमील, देशवाल, ओमवीर, राजकुमार, ओमदत्त आदि ग्रामीणों



का कहना है कि इन यात्री शेड का निर्माण लोगों को मूलभूत सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन आंधी-तूफान में इनके गिरने के बाद संबंधित विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों और यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि ध्वस्त पड़े यात्री शेड का मलबा तुरंत हटाया जाए और वहां नए, मजबूत व टिकाऊ शेड का निर्माण कराया जाए। साथ ही भविष्य में इनके नियमित रखरखाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ऐसी स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो।

यदि शीघ्र ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में यात्रियों की परेशानी और बढ़ सकती है।

## व्यापारियों में आक्रोश, पुलिस ने की जल्द खुलासे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में आभूषणों की दुक. ानों पर काम करने वाले दो कारीगर 28 अप्रैल को बडौत नगर से करोड़ों रुपए के व्यापारियों के आभूषण लेकर फरार हो गए थे जिसमें व्यापारियों ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा फरार चल रहे कारीगरों से इस राज को पुलिस अभी तक नहीं उगलवा सकी, जिसमें व्यापारियों में आक्रोश पनप रहा है।

पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार भी कर लिया गया है जिससे पुलिस गहनता से जांच पड़ताल पूछताछ में जुटी हुई है। 20 व्यापारियों के करोड़ों रुपए के सोने चांदी के जेवरात लेकर पश्चिम बंगाल के कारीगर मोहम्मद आयुष शेख और मोहम्मद मिनहान शेख इन जेवरातो को लेकर फरार हो गए थे जिनकी कीमत करोड़ों रुपए से भी ऊपर है, मगर पुलिस प्रशासन अभी तक आरोपियों से जेवर ठिकाने लगाने का कोई राज भी नहीं उगलवा सकी। इस संबंध में जांच अधिकारी कोतवाली प्रभारी दीक्षित त्यागी से जब जानकारी ली गई थी। इन्होंने कहा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है जिससे बड़ी गहनता के साथ पूरा राज उगलवाने के लिए पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि इस मामले में जल्दी अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी अमल में लाई जाएगी। व्यापारी धैर्य रखें जल्दबाजी में कदम उठाना उचित नहीं होता पुलिस टीम लगी हुई है जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को जिला सत्र न्यायालय बागपत में आयोजित होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 मई 2026 को जिला सत्र न्यायालय परिसर में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अंकित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत का शुभारंभ प्रात: 10:30 बजे से किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के वाद-विवादों का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से लोगों को सरल, सुलभ एवं कम खर्चीली न्याय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सभी विभागों को अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को लोक अदालत का अधिकतम लाभ मिल सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर अपने लंबित मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण कराएं एवं इस वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली का लाभ उठाएं। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों तहसीलदार ,अधिशासी अधिकारी ,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के साथ भी बैठक की गई है राष्ट्रीय लोक अदालत को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए और अच्छे आयोजन के लिए।

### खेकड़ा में खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, सरसों तेल, रिफाइंड, और पनीर के लिए सैंपल

**खेकड़ा।** कस्बे में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा निरीक्षक अंकिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने कई दुकानों पर छापेमारी कर जांच की। छापेमारी के दौरान टीम ने तीन दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इनमें सरसों का तेल, रिफाइंड तेल और पनीर के सैंपल शामिल हैं। अधिकारियों ने सभी नमूनों को सील कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा निरीक्षक अंकिता श्रीवास्तव ने बताया कि मिलावटी खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। जनपद में मिलावटखोरी की लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिसके मद्देनजर विभाग द्वारा यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने दुकानदारों को चेता. वनी दी कि यदि कोई विक्रेता मिलावटी या मानक के अनुरूप न होने वाले खाद्य उत्पाद बेचता पाया गया, तो उसके खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधि. नियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**
फौ. वाद सं. 30/2025
**सोनिका बनाम अनुज कुमार**
धारा-147 बी.एन.एस.एस.
थाना किरतपुर

1. सोनिका आयु 24 वर्ष पत्नी अनुज कुमार पुत्री श्री सोमपाल सिंह हाल निवासी ग्राम गोविन्दपुर थाना किरतपुर जिला बिजनौर मो.नं. 6396734005 आ.नं. 910724064115

2. वैष्णवी आयु 14 माह नाबा. लिग द्वारा संरक्षिका एवं वास्तिविक माता सोनिका पत्नी अनुज कुमार हाल निवासी ग्राम गोविन्दपुर थाना किरतपुर जिला बिजनौर।

**बनाम**

अनुज कुमार आयु 27 वर्ष पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला अर्जुनपुरम बड़ौत थाना बड़ौत जिला बागपत पिन नं.-250609 मो.नं. 8077219709

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक **11-05-2026** को दस बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा।

**नियत दिनांक: 11-05-2026**

**प्रबंधक**
**अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर**

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## सनातन जागृति सम्मेलन 10 मई के स्थान पर 24मई को होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में सनातन जागृति सम्मेलन 10 मई के स्थान पर 24 मई को होगा। श्री सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा एवं विश्व हिंदू महासंघ युवा के तत्वाधान में 10 मई 2026 में आयोजित किया जाने वाला सनातन जागृति सम्मेलन जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेंद्र नाथ अवधूत करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रखर वक्ता हिंदू विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ एवं सनातन के लिए संघर्षरत एडवोकेट हरिशंकर जैन आ रहे हैं यह कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से 10 मई मे न होकर 24 तारीख में विहर्ष सभागार में प्रात: 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। सनातन धर्म प्रचारिणी सभा के



सचिव डा.दीपक गौतम प्रभारी विश्व हिंदू महासंघ ने यह अवगत कराया। इसके संबंध में एक आवश्यक बैठक करके यह सूचना सभी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सभी को सौंपी गई। साथ ही प्रेस बंदूओं से निवेदन नहीं किया गया की आईएस सूचना को प्रसारित करने में सहयोग प्रदान करें, बैठक की अध्यक्षता ब्रह्म सिंह गोयल द्वारा की गई जिसमें वैभव राजपूत मंसाराम मुकेश रामकुमार डा. अखिलेश दीपक दिव्या मीनाक्षी सत्येंद्र आदि उपस्थित रहे।

## वाहनों से हटाए गए करीब 200 प्रतिबंधित हॉर्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा प्रति. बंधित हॉर्न के खिलाफ एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर सतेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने यह कार्रवाई की है।

यह अभियान ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे, दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर मवीकला गांव के पास टोल प्लाजा, वंदना चौक और बड़ौत के मुख्य चौराहों व मार्गों पर केंद्रित रहा। इस दौरान करीब 200 प्रतिबंधित हॉर्न वाहनों से हटाए गए। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को ध्वनि प्रदूषण के कारण समस्या का सामना करना पड़ रहा था, जिसके बाद इन वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की मांग उठ रही थी। ट्रैफिक पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए तीन दिनों के भीतर यह कार्रवाई की। इन वाहनों पर 15 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना भी लगाया गया है। पुलिसकर्मी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, पुलिस बुलेट मोटरसाइकिलों पर प्रतिबंधित साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों पर भी कार्रवाई कर रही है। जनपद में यह चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने लोगों से नियमों का पालन करने के साथ ही वाहन चलाने और अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की है।

उन्होंने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने




वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संस्कृति विवि विदाई समारोह बना खट्टी-मीठि यादों का गुलदस्ता



eFkjkA संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित विदाई समारोह 2026 के दौरान अपनी पढ़ाई पूरी कर जा रहे विद्यार्थियों की मायूसी और उदासी को उनके जूनियर्स ने अपनी जबर्दस्त प्रस्तुतियों से हवा में उड़ा दिया। वहीं मंच पर आए हास्य कलाकार सुनील पाल ने सभी को इतना हंसाया कि लोग पेट पकड़ने को मजबूर हो गए। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उत्तीर्ण होकर जा रहे विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विदायी समारोह के मुख्य अतिथि संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने विद्यार्थियों से कहा आज कि शाम आपके जीवन की खूबसूरत शाम है। छात्र जीवन के दिनों की यादें आपके जीवन में हमेशा अनेक भावनाओं के साथ बनी रहती हैं। यहां से जाने के बाद जो भी करें वो ऐसा हो जिससे आपके माता-पिता, शिक्षक और आपका ये विवि गौरवान्वित हो। आप जहां भी रहें खुशहाल रहें। अपने दोस्तों और विवि से हमेशा जुड़े रहें, खूब आगे बढ़ें। विवि की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों को नसीहत देते हुए कहा कि इस उम्र के बच्चे शिकायत करने की आदत डाल लेते हैं। उन्हें हर किसी से, हर बात से शिकायत होती है। इस मामले में वे न अपने माता-माता पिता को बख्शते न अपने संस्थान को। शिकायतें करना बंद करिए, आपको अपना नजरिया बदलने की जरूरत है और हमें क्या मिला है उसको सौगात समझना शुरू कर देंगे तो जीवन में कोई भी आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक पाएगा।

ऐसा काम करिए जिससे आपके देश, समाज, परिवार और विवि का नाम रौशन हो। संस्कृति विवि के प्रति कुलपति प्रो.रघुराम भट्ट ने कहा कि आपका पाठ्यक्रम पूरा हो गया है। विवि ने वो सब दिया जो आपकी शिक्षा के लिए आवश्यक था। विवि ने अपनी सोच के अनुरूप आपके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास किया है। अब आपका जिम्मेदारी वाला जीवन शुरू हो रहा है।




**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अनुभव से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
कंवरपाल पुत्र जिहान सिंह निवासी ग्राम शाहपुर बडौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मनोज से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
चमपा पत्नि स्व. श्री मक्खन निवासी ग्राम बिजरौल तहसील बडौत थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मेहराज से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
मीना पत्नि मौहम्मद यासीन निवासी पट्टी चौधरान कस्बा छपरौली थाना छपरौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

